



# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025



मूसलाधार बारिश से महानदी का जल स्तर बढ़ा... 13







# सिद्धखोल जलप्रपात को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड मुख्यालय कसडोल तकरीबन 10 किमी की दूरी पर स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सिद्धखोल जलप्रपात को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने पहल क्री गई है।

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने सौंदर्य से भरपूर इस जलप्रपात का निरीक्षण कर परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान को कार्य योजना बनाने के लिए निर्देशित किया है। वनमंडल अधिकारी ने बताया कि सिद्धखोल जलप्रपात में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाएं विकसित करने वन विभाग एवं वन प्रबंधन समिति कुकरिकोना द्वारा नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं। सिद्धखोल जलप्रपात को संचालन के लिए कुकरीकोना समिति को जोड़ा गया है जिससे कि वहां के बेरोजगार युवाओं और ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। साथ ही वन क्षेत्र की सुरक्षा के साथ-साथ इको पर्यटन के आधार पर जलप्रपात का संचालन हो सके। इसके अतिरिक्त महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा कैंटीन का संचालन एवं टिकट व्यवस्था में सुधार करने की योजना बनाई गई है।

## वनमण्डलाधिकारी परिक्षेत्र अधिकारी ने सोनाखान पर कार्य योजना बनाने के दिए निर्देश



### प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए नई शुरुआत

निर्देशनुसार परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान सुनीत साहू द्वारा कुकरीकोना समिति के सदस्यों के साथ मिलकर सिद्धखोल जलप्रपात में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए नई शुरुआत की गई है। जब पर्यटक सिद्धखोल जलप्रपात में प्लास्टिक बोतल लेकर पहुंचेंगे तब जांच नाके पर उनसे निर्धारित शुल्क लेकर एक स्टीकर प्लास्टिक पॉलीथिन में लगाकर दिया जाएगा। वापसी में उक्त स्टीकर लगे प्लास्टिक को वापस जमा करने पर शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 60 लीटर महुआ शराब जब्त, 2 हजार किला लाहन किया नष्ट



**बलौदाबाजार**। जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर संभाग रायपुर तथा जिला आबकारी टीम ने सबरिया डेरा पथरी, टुण्ड्रा में सुबह संयुक्त कार्रवाई में 60 लीटर महुआ शराब जब्त की। वहीं लगभग 2000 किलो महुआ लाहन नष्ट किया। जानकारी के अनुसार सबरिया डेरा पथरी, टुण्ड्रा में खेतों के बीच भरे तालाब के अंदर 50 बोरियों में भरा प्रत्येक में लगभग 40 किलो कुल लगभग 2000 किलो महुआ लाहन बाजार मूल्य 1 लाख तथा 5 लीटर क्षमता के 12 प्लास्टिक डब्बों में भरा 60 लीटर अवैध कच्ची मदिरा जिसे बेशरम की झाड़ियों के बीच छिपाया गया था, जिसका बाजार मूल्य 12000 रुपये बरामद कर कब्जे में लिया गया। महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (च), 34(2) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया, आरोपी की पतासाजी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी संभागीय उड़नदस्ता रायपुर विशेश्वर साव, सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह एवं संयुक्त आबकारी टीम के आरक्षक गण की विशेष भूमिका रही।

### नाबालिग को बहलाने वाला शाहरुख गिरफ्तार

**रायपुर**। नाबालिग को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी शेख शाहरुख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को बंदी बनाया है। उसे बुधवार को न्यायालय में पेशकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। तेलीबांधा पुलिस ने भी ऐसे ही मामले में समीर राणा नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## ग्रामीणों ने बचायी जान, वन विभाग की लापरवाही फिर आई सामने

# शौच जा रहे युवक पर तीन भालुओं ने किया हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम मोहदा (परिक्षेत्र रवान, परियोजना मंडल बारनवापारा) में बुधवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई जब खेत की ओर शौच के लिए जा रहे एक युवक पर तीन भालुओं ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में 32 वर्षीय सुखदेव पिता पुरनसिंग ध्रुव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सुबह करीब 6 बजे की है। इससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह इलाका वन विकास निगम के अंतर्गत आता है, जहां पहले भी जंगली जानवरों की आवाजाही की शिकायतें मिल चुकी हैं। बावजूद इसके, वन विभाग द्वारा न तो किसी तरह की चेतावनी व्यवस्था की गई और न ही कोई सुरक्षा उपाय अपनाए गए।

घटना के तुरंत बाद परिजनों ने घायल सुखदेव को निजी साधनों से अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित के परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते वन विभाग द्वारा उचित निगरानी, चेतावनी बोर्ड और गश्त की व्यवस्था की गई होती तो यह हादसा रोका जा सकता था।

यह घटना वन विकास निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। बारनवापारा जैसे संवेदनशील वन क्षेत्र में न तो वनकर्मियों की गश्त हो रही है, न ही किसी प्रकार की जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है। इस लापरवाही के चलते ग्रामीणों की सुरक्षा भगवान भरोसे नजर आ रही है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का वन विभाग से भरोसा उठता जा रहा है और वे अब ठोस एवं त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।




### नियमित गश्त की जाने की मांग

घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की कि गांव के आसपास के जंगलों में नियमित गश्त की जाए। वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अलर्ट प्रणाली विकसित की जाए। चेतावनी बोर्ड और साइन लगाकर लोगों को सतर्क किया जाए। पीड़ित परिवार को मुआवजा और समुचित चिकित्सा सहायता दी जाए।



## शिवनाथ की बाढ़ से सेमरियाघाट का पुल डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- पुल के पर 10 फीट पानी बह रहा पुलिस बल तैनात

अंचल में बीते कई दिनों से हो रही बारिश से पूरा क्षेत्र पानी से लबालब हो गया। वहीं गुरुवार सुबह तेज गरज-चमक के साथ साथ लगभग दो घंटे तेज बारिश से पूरा क्षेत्र पानी से लबालब हो गया। वहीं शहर से सात किमी दूर सेमरिया घाट शिवनाथ नदी का पुल पानी में डूब गया। शाम तक की स्थिति में सेमरियाघाट में पुल पर लगभग 10 फीट पानी बह रहा है। वैसे तो बुधवार शाम से ही सेमरिया घाट का शिवनाथ नदी का पानी पुल के उपर छलकने लगा था, जो पूरी तरह डूब गया है और यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया।

वहीं ग्रामीण थाना टीआई लखेश केंवट ने सेमरिया घाट की स्थिति का जायजा लिया और बेरिकेड्स लगाकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किए हैं।

## झमाझम बारिश से रोपा का काम जोरों पर



**खरोरा**। रायपुर जिले खरोरा क्षेत्र नहरडीह में पखवाड़ेभर से रूक रूक कर हो रही बारिश से खेती किसानी कार्यों में तेजी देखने को मिल रही है। खरोरा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का बेहद अभाव है, जिसके कारण किसान मानसून के भरोसे खेती किसानी करते हैं और रूक रूककर हो रही बारिश का किसान ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाह रहे हैं। जल्द से जल्द खेती किसानी का कार्य पूरा हो जाए, इसके लिए किसान दिन रात एक कर दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। कारण सुबह होते ही किसान परिवार साथ खेतों की ओर निकल पड़ते हैं और देर शाम रात तक खेती किसानी का कार्य कर घर वापस लौट रहे हैं|

# गुरु पूर्णिमा पर जिले में जमकर हुई बरसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- जगह-जगह हुआ गुरु पूर्णिमा का आयोजन, मंदिरों में की गई पूजा-अर्चना

आज से हिन्दू पंचांग के अनुसार सावन माह का शुभारंभ हो रहा है। यह महीना शिव भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस माह को भक्ति, आस्था, व्रत और उपवास का प्रतीक माना जाता है। बलौदाबाजार जिले में भी सावन की शुरुआत के साथ ही शिवालयों में विशेष तैयारियां आरंभ हो चुकी हैं। भक्तगण भोलेनाथ की आराधना में लीन हो गए हैं।

वन माह में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुद्र मंथन के समय निकले विष को जब भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया था, तब समस्त देवताओं ने जल अर्पित कर शिव के ताप को शांत किया। तभी से सावन के हर सोमवार को जलाभिषेक की परंपरा चली आ रही है। इस महीने विशेषकर सोमवार के दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं और शिव मंदिरों में बेलपत्र, जल, दूध, धतूरा आदि चढ़ाकर पूजा करते हैं।

बलौदाबाजार जिला मुख्यालय सहित सिमगा, भाटापारा, कसडोल और पलारी क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में विशेष श्रृंगार, भजन संध्या और रुद्राभिषेक की तैयारियां जोरों पर हैं। सुरक्षा और साफ-सफाई की दृष्टि से प्रशासन द्वारा मंदिर परिसरों में विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिरों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, पेयजल और छायादार व्यवस्था की जा रही है।




### किसानों के चेहरे खिल उठ

सावन माह की शुरुआत के साथ ही बलौदाबाजार जिले में झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है और जिले के विभिन्न हिस्सों में औसत से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जोरदार बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे, वहीं आमजन को भी भीषण गर्मी से राहत मिली है। गांव-गांव की नालियों, तालाबों और नदी-नालों में पानी भरने लगा है। खेतों में हरियाली लौट आई है, जिससे खरीफ फसलों की बुआई का कार्य तेज गति से चल रहा है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार यदि ऐसी ही वर्षा बनी रही, तो इस बार उत्पादन बेहतर होने की संभावना है।


पाठक सूचना

भाटापारा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

आयुष न्यूज एजेंसी

पता : जयस्तंभ चौक-भाटापारा

संजीव तिवारी (संवाददाता)

98271-66722

99262-91392


# सोसायटियों में डीएपी, यूरिया गायब बाजार में महंगे दाम पर बिक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

- शिवसेना ने निर्धारित दर पर किसानों को खाद उपलब्ध कराने शासन से की मांग

शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई किसानों की समस्या को लेकर गंभीर है और पूर्व में भी सरकार जब बरदाना नहीं है कारण बता कर धान खरीदी बंद कर दी गई थी तब शिव सेना द्वारा किसान मोर्चा निकाल कर प्रदेशभर में प्रदर्शन किया गया था, तब सरकार को निर्णय लेना पड़ा और किसानों का धान किसानों के ही बरदाना में खरीदी करने मजबूर होना पड़ा। फिर किसान खाद को लेकर संकट में है। शिवसेना प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने कहा की प्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है बारिश के रुकते ही किसानों को यूरिया, डीएपी, पोटाश जैसे अन्य खाद की आवश्यकता पड़ेगी, लेकिन बढ़ी दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश के सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं है, जबकि प्रदेश के किसान सोसायटी पर ही आश्रित है। किसानों का धान बोआई कार्य जब से शुरू हुआ तब से शिव सेना द्वारा खाद बीज को लेकर गंभीर है और जून माह में ही ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अधिकांश जगहों पर गंभीरता से नहीं लिया गया।



शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि 266 रुपए का यूरिया 500 एवं 1350 रूपए का डीएपी 2000 रुपए प्रति बोरी बाजार में बिक रहा है और किसान के हितैषी बताने वाले राजनीतिक संरक्षण दे रहे। इसीलिए कार्रवाई करने वाले अधिकारी शिकायत करने वाले से पूछते हैं कौन बेच रहा है व्यापारी तो बिल दे ही नहीं रहे। शिवसेना ने मांग की है खाद की कालाबाजारी रोकने अधिकारी किसान बन कर व्यापारी के पास जाएं।


बालाजी प्रा. आई.टी.आई

ITI BHATAPARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा

89595-93918 • 98261-76302

# पचपेड़ी नाका चौक का नाम गोदड़ीवाला धाम रखने के सुझाव पर ऐतराज के स्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के पचपेड़ी नाका चौक का नाम गोदड़ी वाले बाबा के नाम पर किये जाने के सुझाव पर ऐतराज शुरू हो गया है। जोन 10 कमिश्नरी ने निगम सचिवालय से मिले पत्र के बाद इसका परीक्षण कराने 11 जुलाई तक लोगों से दावा-आपत्ति मंगाई हैं।

इसमें अब तक 50 दावा-आपत्ति प्राप्त हुई हैं। इसमें अलग-अलग समाज की ओर सुझाव के साथ आपत्तियां मिली हैं। पचपेड़ी नाका चौक का नाम यथावत रखने के अलावा भक्त कर्मा माता, संत बाबा गुरु घासीदास, पंडित सुंदरलाल शर्मा के नाम पर चौक का नामकरण करने के सुझाव मिले हैं। जोन कमिश्नर का कहना है 11 जुलाई तक प्राप्त दावा आपत्ति का परीक्षण कर निगम सचिवालय को इससे अवगत कराया जाएगा, केवल अभिमत जानने दावा आपत्ति मंगाई थी।

- परीक्षण के लिए दावा–आपत्ति मंगाई, अब तक 50 आपत्तियां
- भक्त कर्मा माता चौक, बाबा घासीदास, पंडित सुंदरलाल शर्मा सहित अन्य नाम के भी आए सुझाव

### नगर निगम जोन 10 ने 11 जुलाई तक मंगाई है दावा आपति



#### सर्व सम्मति से लिया जाएगा निर्णय

पचपेड़ीनाका चौक का नामकरण गोदड़ी वाले बाबा के नाम पर करने सुझाव पत्र आया था, जोन में इसका परीक्षण कराने लिखा है। पूर्व में इस चौक का नामकरण किसी के नाम पर हुआ है या नहीं और वर्तमान में इस नाम पर किसी को ऐतराज तो नहीं है, इस पर दावा-आपत्ति मंगाई गई है। चूंकि शहर में सभी समाज एक दूसरे का सम्मान करते हैं। साथ ही समाज के संतों का पूरा सम्मान है, इसलिए दावा-आपत्ति का परीक्षण कर सर्व सम्मति से इस पर निर्णय लिया जाएगा।

- **मीनल चौबे**, महापौर, नगर निगम रायपुर

#### निगम को दी जाएगी जानकारी

गोदड़ीधाम समिति की ओर से पचपेड़ी नाका चौक का नामकरण गोदड़ी वाले बाबा के नाम से करने निगम मुख्यालय में सुझाव के साथ पत्र दिया गया। इस पर निगम सचिवालय ने जोन 10 कमिश्नरी को इस सुझाव का परीक्षण करने जिम्मा सौंपा। जोन 10 कमिश्नरी के इसका परीक्षण करने 11 जुलाई तक आम जनता से दावा-आपत्ति मंगाये गई हैं, जिसमें अब तक 50 दावा-आपत्ति आ चुकी है। इसमें विभिन्न समाज सहित कई संगठनों ने पचपेड़ी नाका चौक का नाम गोदड़ी बाबा के नाम पर करने को लेकर आपत्ति जताई है। अब आम जनता और सामाजिक संगठनों से प्राप्त अभिमत का परीक्षण कर निगम सचिवालय को अवगत कराया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### शिव विहार कॉलोनी में भरा पानी, रहवासी परेशान

**रायपुर**। राजधानी रायपुर से लगा ग्राम पंचायत बोरियाकला मठपारा स्थित शिव विहार कॉलोनी आज तक विकास की बांट जोह रहा है। कॉलोनी की अधिकांश गलियां कच्ची और गंदगी से अटी पड़ी है। लगातार बारिश से शिव विहार कॉलोनी में पानी भर गया है, निकासी नहीं होने से कॉलोनीवासी परेशान हैं। कॉलोनी में भौतिक सुविधाओं का अभाव होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है, जिससे सड़कों पर हमेशा कीचड़ भरी रहती है। कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव होने के चलते बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया है। जिससे सड़कों पर चलना दूभर हो गया है इस संबंध में कॉलोनीवासियों ने नगर निगम में अपनी समस्याओं से अवगत कराने के लिए सालों से कभी सरकार तुंहर द्वार या सुशासन तिहार जैसे शिविरों में गुहार लगाई, लेकिन जिम्मेदरानों ने आज तक कोई सुध नहीं ली।

### कैबिनेट आज

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र से पहले 11 जुलाई को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लग सकती है। कैबिनेट की बैठक में मानसून की स्थिति का आकलन करने के बाद प्रदेश में चालू खरीफ सीजन की बुआई अंतिम चरण पर होने और समितियों में खाद के भंडारण की स्थिति की समीक्षा होगी। बताया जाता है कि सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों को मंजूरी दी जाएगी। वहीं विधानसभा में आने वाले कई मामलों पर चर्चा होगी। अनुपूरक बजट और अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### पूरी सरकार मैनपाट में पिकनिक पर किसान खाद के लिए परेशान

**रायपुर**। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा के तीन दिन के प्रशिक्षण सत्र में डेढ़ साल के भ्रष्टाचार पर मंथन हुआ। खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा और अन्य नेताओं को राज्य सरकार के भ्रष्टाचार पर नसीहत देनी पड़ी। यह प्रशिक्षण शिविर मस्ती की पाठशाला थी, जहां पर सरकारी धन पर पूरी सरकार मौज मस्ती और पिकनिक मना कर आई। जिस सरगुजा संभाग में भाजपा ने यह तीन दिन का प्रशिक्षण किया, उसी सरगुजा संभाग के हसदेव और तमनार में सरकार अडानी की खदान के लिये जंगल कटवा रही है। चिंतन शिविर में इस पर मंथन करने का साहस किसी नेता ने नहीं दिखाया। उन्होंने कहा, मानसूनी बारिश उफान पर है, लेकिन अभी तक सोसाइटियों में खाद, उर्वरक नही पहुंचा है। किसान परेशान हैं, खाद नहीं मिलने पर उनकी ऊपज प्रभावित होगी। खरीफ में धान छत्तीसगढ़ के किसानों की आय का प्रमुख आधार है। सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। प्रदेश में जानबूझ कर खाद की कमी पैदा की जा रही, ताकि किसान धान की पैदावार कम लें, समर्थन मूल्य पर कम धान खरीदना पड़े। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार पिछले साल खरीदे गये धान का निराकरण नहीं कर पाई है। बारिश के बीच संग्रहण केन्द्रों में 30 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खुले में पड़ा है, भीग चुका है। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के कारण प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो गई है।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी**। अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरमरा निवासी राधे नेताम पिता देऊर उम्र 50 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। अधेड़ ने मंगलवार की देर रात्रि घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने अधेड़ को रात्रि में ही उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### गुरु गोविंद सिंह वार्ड की बस्तियों में पहुंचा नाली का गंदा पानी

# आधा दर्जन इलाकों में अरमान नाला और नालियों का गंदा पानी, रहवासी परेशान, जलभराव से मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण निचली बस्तियों में जलभराव से लोगों की परेशानी बढ़ी है। वहीं शहर से लगे गुरु गोविंद सिंह वार्ड की आधा दर्जन बस्तियों की सड़क से लेकर घरों तक नाली और नाले का गंदा पानी भरने से लोग परेशान हैं। बुधवार को यह स्थिति अणुव्रत रेसीडेंसी, गांधी नगर के नीचे वाली बस्ती, काली नगर, प्रगति नगर, जगन्नाथ नगर, मठपारा इलाके में देखने को मिली। प्रभावित बस्ती के रहवासियों ने हरिभूमि को बताया कि अरमान नाला का चौड़ीकरण और नाला गहरीकरण नहीं होने से नाले-नालियों का पानी बारिश के दौरान रिवर्स होकर बस्ती में भर जाता है। इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से कई बार की है।

#### तीन दशक से समस्या समाधान अब तक नहीं, लोगों को हो रही दिक्कत

नगर निगम जोन 3 के गुरू गोविंद सिंह वार्ड के मठपारा, गौरानगर, कालीनगर, प्रगतिनगर के लोगों का कहना है कि एक अरसे वे जलभराव की समस्या से त्रस्त रहे हैं। अरमान नाला संकरा होने से तेज बारिश होने पर नाले का गंदा पानी उलट होकर उनके घरों और गलियों तक घुस जाता है। इसके कारण घंटों वे घर से बाहर नहीं निकल सकते। निकास नाली की समुचित व्यवस्था नही होने से दिक्कत हो रही है। घुटनों तक पानी भरने से गली में आने -जाने में परेशानी होती है। मठपारा की वीना सेलकर, काली नगर की सरोज बाई का कहना है जलभराव की समस्या एक अरसे से देख रहे हैं। इसका स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए। बारिश के सीजन में घर से लेकर सड़क तक पानी भरा रहने से बच्चे, बुजुर्ग को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। निगम प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। कमोबेश यही स्थिति गौरा नगर बस्ती की है।

#### अणुव्रत रेसीडेंसी, गांधी नगर, काली नगर, प्रगति नगर का बुरा हाल



#### अरमान नाला को चौड़ीकरण जरूरी

अरमान नाला के चौड़ीकरण और गहरीकरण कराने की जरूरत है। जोन 3 के माध्यम से इसका प्रस्ताव बनाने आग्रह किया है। ताकि वार्ड की आधा दर्जन रिहाइसी बस्तियों के रहवासियों को जलभराव से राहत मिल सके। - **कैलाश बेहरा**, पार्षद, गुरु गोविंद सिंह वार्ड

#### आधी अधूरी नाली नहीं सड़क लबालब रहवासी परेशान

संत रविदास वार्ड के सालासार से बीएसयूपी कालोनी तक की सड़कों में बारिश का पानी लबालब भरने से रहवासी परेशान हैं। सरोना निवासी अरविंद सिंह ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि डेढ़ साल से नाली बनाने का काम शुरू नहीं हुआ। इसकी स्वीकृति पहले ही मिल गयी है। तीन बार भूमिपूजन और उदघाटन हो चुका इसके बाद भी पार्थिव ग्रीन के 300 रहवासी, बीएसयूपी कालोनी के हजारों लोग कीचड़ और गंदगी से मुक्त नही हो पाए। नाली का पानी रोड में बह रहा है। कीचड़ इतना जमा है कि रास्ते से निकलना मुश्किल है। इसके बाद भी निगम प्रशासन ध्यान नही दे रहा।

#### पार्थिव ग्रीन के एक्जाम सेंटर के पास जलभराव

नगर निगम जोन 8 के संत रविदास वार्ड स्थित पार्थिव ग्रीन में नाली निर्माण का काम अधूरा हुआ है। एक्जाम सेंटर के पास वाले मैदान में बारिश का गंदा पानी भरने से प्रतियोगी परीक्षा दिलाने आए विद्यार्थी अकसर परेशान होते हैं। जलभराव रोकने नया बाजार से पार्थिव ग्रीन तक नाली बनाने की जरूरत है। सरोना के निवासी सोमनलाल ठाकुर ने बताया कि सरोना के दोनों बीएसयूपी कालोनी में जलभराव से लोग परेशान हैं। गंदे पानी के निकास की व्यवस्था समुचित रूप से अब तक नहीं हो पायी। यही हाल सरोना के इंटा भट्ठा के पास वाली बस्ती का है। सरोना के निवासी अशोक सिंह ठाकुर के मुताबिक सत्ती घाट इलाके में जलभराव के चलते लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। यहां अभी तक पक्की सड़क नहीं बन पायी। बारिश के सीजन में आवागमन में भारी दिक्कत होती है। वार्ड पार्षद अर्जुन यादव का कहना है नाली निर्माण कराया जा रहा है। इससे आने वाले समय में जलभराव से निजात मिलेगी।

#### शिवम सिटी में घुटना भर पानी



मोतीलाल नेहरू वार्ड के शिवम सिटी में निकास नाली का निर्माण नहीं होने से घुटनों तक गंदा पानी भरा रहा। लोगों की शिकायत पर वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने जलभराव वाले क्षेत्र में खुदाई कर जैसे तैसे गंदा पानी के निकासी की व्यवस्था कराई। नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित इस रहवासी इलाके में नाली निर्माण की मांग रहवासी एक अरसे से कर रहे हैं। इसी तरह कचना के श्मशान घाट इलाके में बिल्डर द्वारा सिंचाई विभाग की नाली पाट कर कब्जा किये जाने श्मशानघाट लबालब होने से लोग परेशान हैं। परिजन के अंतिम संस्कार के लिए जाने वालों को श्मशान घाट में पानी भरने से खासी असुविधा हो रही है। अवैध कब्जा हटाने की मांग उन्होंने निगम प्रशासन से की है।

# इंदौर अध्ययन पर अनुभव साझा करने आज कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव करेंगे मंथन
- छत्तीसगढ़ के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उपायों पर होगा मंथन

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से इंदौर के पांच दिवसीय अध्ययन प्रवास से लौटे सभी महापौर और आयुक्त अपने अनुभव साझा करेंगे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से इस संबंध में 10 जुलाई को शाम 4 बजे नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में श्री साव राज्य के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने इंदौर की बेस्ट प्रेक्टिसेस को लागू करने प्रतिभागी महापौर और आयुक्त के साथ मंथन करेंगे। साथ ही प्रदेश में स्वच्छता अभियान को लेकर भविष्य की योजनाओं, नवाचारों पर कार्यशाला में चर्चा होगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत विभिन्न नवाचारों के साथ नित नए प्रयोग कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपनों को धरातल पर भी सफल करना हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हासिल करने आवश्यक कदम उठाने और नवाचारों के अध्ययन के लिए हमारे महापौरों एवं आयुक्तों ने इंदौर शहर का अध्ययन किया है। इस दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्य के सभी नगर निगमों के महापौर और आयुक्त उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में राज्य के शहरों को स्वच्छ एवं सुविधापूर्ण बनाने विचार व अनुभव साझा किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने कहा- सभी को हंसाने वाला कवि हमें रुलाकर चला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- मुख्यमंत्री ने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को अर्पित की श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को राजधानी रायपुर के जोरा स्थित श्रीसालासर बालाजी धाम के सभागार में आयोजित सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने स्व. डॉ. दुबे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा, हास्य-व्यंग्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। सभी को हंसाने वाला यह महान कवि आज हमें रुलाकर चला गया। उन्होंने अपनी विलक्षण काव्य प्रतिभा के माध्यम से न केवल देशभर में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। उनका आकस्मिक निधन पूरे राज्य और साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई असंभव है।

अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने अनेक कवि सम्मेलनों में भाग लिया है और शायद ही कोई प्रमुख आयोजन ऐसा रहा हो, जहां डॉ. दुबे की उपस्थिति न रही हो। हर मंच पर उन्हें देश के प्रतिष्ठित कवियों द्वारा विशेष सम्मान प्राप्त होता था।

#### छत्तीसगढ़ी भाषा को दिलाया सम्मान- साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी श्रद्धांजलि सभा में स्व. डॉ. सुरेंद्र दुबे को नमन करते हुए कहा, वे केवल एक कवि नहीं, बल्कि एक जिंदादिल और ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति को सम्मान दिलाया। उन्होंने प्रदेश के कोने-कोने में घूम-घूमकर लोगों को न केवल हंसाया, बल्कि सामाजिक चेतना भी जगाई। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र दुबे के परिजन एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

# ट्रेड यूनियनों का भारत बंद, कर्मचारी हड़ताल में शामिल श्रमिक विरोधी नीतियों के विरोध में सड़क पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- बैक, बीमा, डाक, टेलीफोन और आयकर विभाग की सेवाओं पर असर
- पंडरी स्थित एलआईसी दफ्तर परिसर में हड़ताली कर्मचारियों की हुई विशाल सभा



देशभर में ट्रेड यूनियनों ने केन्द्र सरकार की श्रमिक विरोधी और कार्पोरेट समर्थक नीति के खिलाफ बुधवार को भारत बंद रखा। 25 करोड़ कर्मचारी इस बंद में शामिल हुए। इससे बैंक, बीमा, टेलीफोन, डाक और आयकर विभाग की सेवाओं पर असर पड़ा है। छत्तीसगढ़ में इस हड़ताल का व्यापक असर रहा। राष्ट्रीयकृत बैंकों, एलआईसी, केन्द्रीय कार्यालय, आयकर डाक सेवा, बीएसएनएल कार्यालयों के ताले नहीं खुले। राजहरा, नंदनी सहित माइंस में उत्पादन ठप रहा। भिलाई में इस्पात मजदूरों ने गेट जाम कर हड़ताल की। असंगठित मजदूरों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, रसोइया मजदूर, परिवहन मजदूर इस हड़ताल में शामिल रहे। मुख्य प्रदर्शन पंडरी स्थित एलआईसी बिल्डिंग परिसर में किया गया।

राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में मजदूर विरोधी श्रम संहिता की वापसी सहित केन्द्र की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया गया। इंटक, एचएमएस, ऐक्टू सहित 10 केन्द्रीय श्रम संगठनों के आव्हान पर बैंक,बीमा, पोस्टल, टेलीकॉम, रेलवे, स्टील, कोयला क्षेत्र सहित राज्य व केन्द्र सरकार के कर्मचारियों तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिक इस हड़ताल में शामिल हुए। वामपंथी पार्टियों ने प्रदेशभर में हड़ताल के समर्थन में सभाओं का आयोजन कर हड़ताली श्रमिकों के साथ एकजुटता दिखाई। एलआईसी के पंडरी स्थित मंडल कार्यालय में संयुक्त हड़ताली सभा रखी गयी। इस सभा को ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के संयोजक धर्मराज महापात्र, आल इंडिया बैंक एंप्लाइज एसोसियेशन के शिरीष नलगुंडवार, ऑल इंडिया आफिसर्स कंफेडरेशन बैंक आफिसर्स कंफेडरेशन से वाय गोपाकृष्णन, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटुक के उपाध्यक्ष एनपी मिश्र, आशीष दुबे, सेंटर आफ ट्रेड यूनियन के राज्य सचिव एमके नंदी, प्राइवेट स्कूल टीचर्स संघ के राजेश अवस्थी, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एंप्लाइज यूनियन महासचिव सुरेन्द्र शर्मा, सह सचिव गजेंद्र पटेल, अनुसुइया ठाकुर, प्रमुख सदस्य एनजे राव, सेंट्रल जोन एंपलाइज एसोसियेशन के सहसचिव वीएस बघेल सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया।

#### मुख्य डाकघर परिसर में एक दिवसीय हड़ताल

अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ परिमंडल द्वारा राजधानी रायपुर के मालवीय रोड स्थित डाक मुख्यालय परिसर के सामने एक दिवसीय हड़ताल रही। इसमें रायपुर संभाग के सभी पोस्टमैन, एमटीएस कर्मचारियों ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाया। इसमें परिमंडल सचिव दिनेश कुमार पटेल, संभागीय सचिव विजय पोर्ते, संभागीय पदाधिकारी करण सिंह परिहार, लीलाधर वर्मा, मनीषा टंडन, हेमलाल ध्रुव सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। हड़ताली कर्मचारियों ने पोस्ट आफिस एक्ट 2023 को समाप्त करने, आठवां पे कमीशन कमेटी की नियुक्ति जल्द करने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू कर एनपीएस और यूपीएस पेंशन स्कीम समाप्त करने की मांग की। दिल्ली परिमंडल के समस्त परिमंडल सचिव के आव्हान पर संयुक्त परिषद ऑफ पोस्टल कर्मचारी देशव्यापी हड़ताल में शामिल रहे।

### पहले गरमी से सूखा, अब बारिश में भीग रहा है धान

# 79 हजार मीट्रिक टन धान उपार्जन केंद्रों में बारिश के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- पहले गरमी से सूखा, अब बारिश में भीग रहा है धान

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन 2024-25 में खरीदा गया करीब 79 हजार मीट्रिक टन धान अब भी उपार्जन केंद्रों में जमा है। इस धान को अब तक नहीं उठाने की वजह से यह पूरा धान बारिश के हवाले हो गया है। जाहिर है, यह धान पहले गरमी में सूखा, अब बारिश में सड़कर खराब होगा। खास बात ये है कि राज्य के 33 जिलों में से केवल पांच जिलों से ही धान का पूरा परिवहन हो सका है। बाकी सभी जिलों के उपार्जन केंद्रों में धान जमा है।

राज्य में पिछले खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए और बाद में प्रोत्साहन राशि समेत यह धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल का है। पिछले साल नवंबर में धान खरीदी शुरू हुई थी, जो जनवरी तक जारी रही। इस बीच फरवरी से लेकर अब तक नौ महीने बीच चुके हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन, सरकार यह धान उपार्जन केंद्रों से नहीं उठवा पाई है।



#### सबसे अधिक धान इन जिलों में

राज्य के 33 में से पांच जिलों को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी जिलों के उपार्जन केंद्रों में धान की अलग अलग मात्रा बकाया है। कुछ जिलों में जहां सबसे अधिक धान जमा है, उनमें ये जिले शामिल है। बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव,सुकमा, बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, रायगढ़, बालोद,बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, गरियाबंद, रायपुर,जशपुर, जिले प्रमुख हैं।

#### केवल पांच जिलों से धान का पूरा उठाव

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से पांच ही जिलों से खरीदी गया पूरा धान उठाया जा सका है। यह धान मिलिंग के लिए मिलरों को या मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में भेजा गया है। लेकिन यह स्थिति अन्य जिलों में क्यों नहीं बन पाई यह धान खरीदी की व्यवस्था से जुड़ा एक बड़ा सवाल है। जिन जिलों में उपार्जन केंद्रों से पूरा धान उठाया जा चुका है उनमें, जांजगीर चांपा,धमतरी, कोरिया, सरगुजा और सूरजपुर जिला शामिल है।

# डीएमएफ के लिए छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारत सरकार के खान मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। बुधवार को नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक दिवसीय नेशनल डीएमएफ वर्कशॉप के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मुख्यमंत्री के सचिव और खनिज सचिव पी. दयानंद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

खान मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना द्वारा नेशनल डीएमएफ पोर्टल में समस्त राज्यों के डीएमएफ से संबंधित डेटाबेस का संधारण किया जा रहा है। डीएमएफ के ऑडिट रिपोर्ट का राज्य डीएमएफ पोर्टल एवं नेशनल डीएमएफ पोर्टल में 90 प्रतिशत डेटाबेस पूर्णतः अपलोड किए जाने पर छत्तीसगढ़ राज्य को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के प्रयासों को मॉडल राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया और अन्य राज्यों को भी डेटा अपलोडिंग, पारदर्शिता और ज़मीनी क्रियान्वयन के अनुकरण की सलाह दी गई।

## मूसधार बारिश से महानदी का जल स्तर बढ़ा...

**गिधौरी।** अंचल में 15 से बीस दिनों से मौसम बादल छाया हुआ है और कहीं ना कहीं लगातार रिमझिम तथा मुसलाधार बारिश हो रही है। गिधौरी क्षेत्र में गुरुवार दोपहर हुई मुसलाधार बारिश से, जहां खेत खलिहान तालाब और नदी नाले भी उफान पर है, इससे लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं गिधौरी त्रिवेणी संगम महानदी में बारिश के पानी से नदी एवं नाले उफान पर है। महानदी का पानी तेज रफ्तार से बढ़ रहा है, हालांकि महानदी का जलस्तर अभी खतरा से बाहर चल रहा है और लगातार क्षेत्र में बारिश हो रही है। मौसम नहीं खुलने से लोगों के दिनचर्या प्रभावित हो रही हैं। साथ-साथ गली मुहल्लों में भी जगह-जगह घुटनों तक पानी भर हुआ है। दोपहर से शुरू हुई मुसलाधार बारिश शाम तक होते रही।





## खबर संक्षेप

### प्रज्ञा पीठ बटोरा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**कोमाखान।** प्रज्ञा पीठ बटोरा में गुरु पूर्णिमा का पर्व बहुत ही श्रद्धा एवं भक्ति भावना के साथ मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त से प्रातः आठ बजे तक अखंड जाप साधना हुए। तत्पश्चात एक कुंडीय गायत्री यज्ञ संगीत प्रवचन के माध्यम से गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा के बताये हुये आदर्शो एवं उनके संदेशों को देवानंद वेदव्यास द्वारा सारगर्भित ढंग से समझाते हुए उपस्थितजनों को बताए। इस पर्व विशेष में पुंसवन एवं विद्यारंभ संस्कार भी सम्पन्न कराए गए। इस मौके पर मुख्य रूप से सालिक राम साहू, डेरहा राम साहू, महेंद्र ठाकुर, तोरण चंद्राकर, केआर सोनी, थानवर साहू, प्रकाश साहू, गेंदराम पटेल, पीलूराम देवांगन, पुरुषोत्तम चंद्राकर, मूलचंद साहू, प्रेमचंद साहू, रोशन ध्रुव, मनहरण साहू, देवनारायण साहू, राहुल साहू, सेवाराम साहू, लेखराम साहू, गोवर्धन सिन्हा, डिगेश साहू बालमुकुंद साहू, अग्रोतिन साहू, आशा सोनी, उर्मिला साहू, जमुना साहू, उर्मि साहू, हेमिन साहू, भूमिका साहू, रुपाली साहू, सुमन साहू, नीलम साहू, प्रेमा साहू, माधुरी साहू, स्वर्णिका साहू आदि उपस्थित थे। यह जानकारी केआर सोनी ने दी है।

### पत्रकार रोमी को बनाया गया गरियाबंद का प्रभारी

**सरायपाली (ग्रामीण)।** छत्तीसगढ़ वेलफेयर जर्नलिस्ट यूनियन पत्रकारों के बड़े संगठन की बैठक में रोमी सलूजा को गरियाबंद जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम एवं प्रदेश महासचिव कृष्ण कन्हैया गोयल अन्य पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा है कि सलूजा के नेतृत्व में रायपुर/गरियाबंद जिले के पत्रकारों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व

**महासमुंद।** संस्कार पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के प्रति आदर, सम्मान एवं कृतज्ञता प्रकट की। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, भजन, कविता पाठ, नाट्य मंचन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु की महत्ता को उजागर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भावपूर्ण शब्दों में अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**जाम : गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर लगा रहा घंटों जाम**

# बीच सड़क पर ट्रक खराब, वाहनों की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

शिवरीनारायण मार्ग पर महानदी शबरी सेतु वनोपज जांच नाका के पास बुधवार रात को एक ट्रक सड़क के बीच में खराब हो गया था और गुरुवार सुबह 6 बजे से ही गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग पर ट्रैफिक जाम हो गया है और आवागमन बाधित था। कुछ देर बाद वहां के जनप्रतिनिधि द्वारा सुचारू रुप से आवागमन एक साईड से बारी-बारी से निकालने में सहयोग किया। तब जाकर धीरे-धीरे आवागमन बहाल हुआ। लेकिन वाहन चालकों की लापरवाही से फिर से जाम हो गया। ट्रैफिक जाम की खबर गिधौरी एवं शिवरीनारायण थाना में दी गई, जहां मौके पर पुलिस पहुंची और मार्ग बहाल किया गया। गिधौरी और शिवरीनारायण के दोनों तरफ वाहनों की खचाखच भीड़ और लंबी लाइन वाहनों से गिधौरी बस स्टैंड, पेट्रोल पंप तक एवं शिवरीनारायण के केरा चौक तक की ट्रैफिक जाम रहा। पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि ने आवागमन में हो रही बाधित को वहां गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग की ट्रैफिक जाम को हटाने में बहुत प्रयास किया गया और तकरीबन 12 बजे के आसपास खराब ट्रक बनने के बाद ट्रैफिक जाम खुल पाया और आवागमन बहाल के साथ वाहनों का आना-जाना शुरू हुआ। गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग में एक तो ट्रक की खराबी और दूसरी ओर जर्जर सड़क की हालत बहुत दयनीय है। इस मार्ग पर गिधौरी से शिवरीनारायण जाने के लिए सड़क गायब है और जगह-जगह पर बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे है और चलना मुश्किल हो गया है।



# 10 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने गुरुवार को प्रदेश के समस्त विधायकों को ज्ञापन सौंपकर जन स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत 20 वर्षों से अधिक अनुभवी संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, स्थानांतरण नीति एवं अन्य 10 सूत्रीय मांगों पर तत्काल नीतिगत निर्णय की मांग की गई।ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने विधायकों को स्मरण कराया कि उन्होंने आम जनता के बीच जो वादे किए थे, समर्पित कर्मियों को न्याय एवं मोदी की गारंटी, संविदा को सम्मान, अब उन्हें पूरा करने का समय आ गया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने कहा कि अब इंतजार की सीमा समाप्त हो चुकी है। एनएचएम कर्मियों ने कोरोना जैसे संकट में भी जान की बाजी लगाकर सेवा दी, अब सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इनका स्थायी समाधान करे।

वहीं प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि यह आंदोलन चरणबद्ध होगा, और सरकार की चुप्पी यदि बनी रही, तो पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ना तय है।

## बिजली समस्या पर पालिका गंभीर, अध्यक्ष ने ली विद्युत विभागा के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर पालिका परिषद में गुरुवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर में बिजली से संबंधित समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा द्वारा की गई। बैठक के दौरान नागरिकों द्वारा लगातार प्राप्त हो रही विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज, अनियमित बिजली वितरण तथा मेंटेनेंस की समस्याओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरवासियों को निर्बाध और सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यह नगर प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं गुणवत्तापूर्वक और बिना किसी बाधा के प्राप्त हों।



बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नियमित निरीक्षण के साथ-साथ विभागीय समन्वय को मजबूत किया जाए, ताकि समस्याओं का स्थायी समाधान संभव हो सके। नागरिकों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया पौधा रोपण



**गोपालपुर।** डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया। इसमें सभी छात्र छात्राओं के मां को बुलाकर सभी लोग एक-एक पेड़ लगाएं। ज्ञात हो कि यदि लगाएं हुए पेड़ को सुरक्षा कर सही सलामत बचा लिया जाता है, तो बहुत सहरानीय कार्य, क्योंकि धरातल में वृक्ष रहेगा तो वातावरण शुद्ध रहेगा, तब मानव जीवन सफल रहेगा।

## पब्लिक स्कूल में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। स्कूल में इस दिन स्पेशल एसेंबली आयोजित की गई। स्कूल अध्यापिकाओं की ओर से बच्चों को इस दिन के महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों ने भी अपने अध्यापकों के लिए सुंदर तरीके के साथ काड्र्स तैयार किए। स्कूल श्रृंखला के चेयरमैन राघवेंद्र गोस्वामी ने भी बच्चों को इस दिन के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ममता भारद्वाज व मंच संचालन का कार्यभार तिसरी की छात्राओं आराध्या साहू व पुलकित साहू ने संभाला। पांचवीं की छात्रा शेर्या वंशे ने गुरु महिमा पर कविता प्रस्तुत की व मिथलेश देवांगन ने अपने भाषण से जीवन में गुरुजनों के महत्व को बताया। संगीत विभाग द्वारा सुंदर भजनों से पुष्प अर्पित कर गुरुजनों का सम्मान किया। विद्यालय निदेशक व प्रिसिपल राघवेंद्र गोस्वामी व मुख्याध्यापिका ममता भारद्वाज, निशा बंजारे, जागृति मार्कंडेय, जुबैन भारद्वाज, रोशनी सारथी, शिवानी दीवान इस पावन पर्व की सभी को बहुत शुभकामनाएं दी।



# जैन समाज ने धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

विवेकसागर मसा एवं शासनरत्नसागर मसा की पावन निश्रा में जैन समाज ने धूमधाम से गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया। सर्वप्रथम शासनरत्नसागर मसा ने फरमाया कि सम्यक ज्ञान सम्यक दर्शन एवं सम्यक चारित्र ही मोक्ष प्राप्ति का वास्तविक मार्ग है। अगर हमें सुगुरु सुदेव व सुधर्म मिल जाए, तो निश्चित रूप से सच्चे ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। जिन्हें सच्चे गुरु मिल जाए उन्हें कोई भी भयभीत नहीं कर सकता। अगर हम गुरु का हाथ पकड़ लें तो मंजिल की प्राप्ति अवश्य होगी। इस अवसर पर गुरुदेव ने कहा कि आप स्वयं का भला करने का कार्य करना चालू करो। और अपना भला करने के लिए लिए दूसरों का भला करना आवश्यक है। क्योंकि, जैसा बीज आप बोओगे, वैसा ही फल मिलेगा। अपने जीवन का उद्धार करने के लिए उन्होंने एक मूलमंत्र दिया कि सतगुरु के बताए मार्ग पर बिना शंका के चलते जाओ। इस अवसर पर हेमंत झाबक, उदित बरडिया, यतन मगन बहु मंडल ने भजन प्रस्तुत किया एवं यशस्वी चोपड़ा, भक्ति गोलछा ने गुरु के प्रति अपने भाव व्यक्त किए। तोषी लुनिया के नेतृत्व में गुरु की महिमा पर एक नाट्य मंचन आज का सच भी हुआ, जिसमें राशि बोथरा, साक्षी बरडिया, श्वेता पींचा, रीना चौरडिया और श्रेया पींचा ने हिस्सा लिया।

## दोहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा बरकरार, हाईकोर्ट ने की अपील खारिज

**महासमुंद।** जिले के ग्राम लमकेनी के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए आरोपी मां की अपील खारिज कर दी है। कोर्ट की डिवीजन बेंच ने फैसले में कहा है कि मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है, लेकिन ये सभी सबूत आपस में जुड़कर एक ऐसी कड़ी बनाते हैं जो संदेह से परे अपराध साबित करते हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस विभू दत्त गुरु की डीबी में हुई। दरअसल, महासमुंद के लमकेनी निवासी शिक्षक जनकराम साहू ने 20 दिसंबर 2017 को पुलिस को बताया कि उनके किराएदार ईश्वर पांडे की पत्नी और बेटियां घर के अंदर खून से लथपथ पड़ी हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों लड़कियां मृत मिलीं, और उनकी मां यमुना गंभीर रूप से घायल थी।

**गुरु पूर्णिमा से शुरू हुई एक माह की गंगा आरती**

# सिरपुर, बम्हनी में श्रावणी अभिषेक आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

गुरु पूर्णिमा पर जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित श्वेत गंगा बम्हनी में गंगा आरती शुरू हुई। पूरे सावन माह में यहां आयोजन प्रतिदिन संजय 6:30 बजे जारी रहेगा। आयोजन समिति के रामेश्वर पांडेय, खिलावन यादव, गोपाल साहू, भुवन साहू ने बताया कि आयोजन को लेकर बैठक हुई थी। जिसमें तैयारी के संबंध में चर्चा हुई। यहां जल लेने आने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए शनिवार को भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस बार 4 सावन सोमवार पड़ रहा है। यहां जल लेने प्रदेश सहित दूसरे प्रांत से भी काफी संख्या में कांवड़ यात्री शनिवार को जल लेने पहुंचते हैं और वे नंगे पांव यात्रा करते हुए रविवार की दोपहर सिरपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम उपरांत सोमवार को बाबा गंधेश्वर नाथ का जलाभिषेक कर अपनी यात्रा पूर्ण करते हैं। 11 जुलाई से सावन माह प्रारंभ हो रहा है, इस बार प्रथम सोमवार 14 जुलाई को पड़ेगा। इसी तरह 21, 28 जुलाई एवं 4 अगस्त को द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ सावन सोमवार पड़ेगा। रविवार को जल लेकर आने वाले कांवर यात्रियों की भोजन व्यवस्था बोल बम सेवा समिति द्वारा रात्रि में की जाती है। बोलबम सेवा समिति सिरपुर के अध्यक्ष थनवार यादव, उपाध्यक्ष सुंदर साहू व संजय पांडेय ने बताया कि प्रथम रविवार 13 जुलाई को निहाल सोनकर द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। इसी तरह 20 जुलाई को सुंदर साहू व 27 जुलाई को जोगेंदर, निरंजन सिंह, लक्ष्मण पटेल परिवार तथा 3 अगस्त को पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। सावन को लेकर खासा उत्साह है। बम्हनी में भी बम्हनेश्वर महादेव का प्रतिदिन श्रावणी अभिषेक पूजा सुबह 9 बजे से किया जाएगा। जिसके तैयारी की गई है। यहां जजमान बनने के लिए मंदिर समिति से संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह सिरपुर में भी सावन को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। गंधेश्वरनाथ महादेव ट्रस्ट सिरपुर के मैनेजिंग ट्रस्टी दाऊलाल चंद्राकर, मंगलू ढीमर ने बताया कि सावन माह में अनेक आयोजन यहां किए जाएंगे। इस बार 27 जुलाई को संध्या 6:30 बजे गंधेश्वर महादेव मंदिर के नीचे महानदी तट पर चित्रोत्पला गंगा आरती की जाएगी। इसी तरह 1 अगस्त को भोलेनाथ का महानदी तट से मानव श्रृंखला बनाकर सहस्त्र जलधारा अभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 अगस्त को दोपहर 1 राजाधिराज गंधेश्वर नाथ महादेव की सवारी पालकी यात्रा मंदिर से निकलेगी, जो सिरपुर भ्रमण उपरांत वापस मंदिर पहुंचेगी। बाबा के सिरपुर भ्रमण के दौरान मंदिर का पट बंद रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने की अपील की है। बाजार में कांवड़ यात्रियों के लिए सामानों की दुकानें सजने लगी है।



## सरकारी कर्मचारी का दर्जा समेत अन्य मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने आज कलेक्टोरेट पहुँचकर न्यूनतम 26 हजार रुपए वेतन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा, पीएफ ग्रेच्युटी और पेंशन का अधिकार, रिटायरमेंट के पश्चात एकमुश्त 5 लाख रुपए और विभागीय कार्यों में दमन उत्पीड़न और जबरदस्ती बंद करने की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संयुक्त मंच संयोजक समिति की श्रीमती सरिता पाठक, रुक्मणी सज्जन, सुधा रात्रे, हेमा भारती, कल्पना चंद ने बताया कि हम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिकाएं पिछले 50 वर्षों से केंद्र और राज्य सरकार के अधीन स्वयंसेवी के रूप में काम कर रही हैं, जिसे अब तक ना मजदूर का दर्जा मिला है और ना कर्मचारी का। हमारे लिए न किसी प्रकार का वेतन अधिनियम है और न ही न्यूनतम वेतन के कानून में हमें शामिल किया गया है। दुर्भाग्यजनक है कि आज तक केंद्र सरकार की ओर से कार्यकर्ता को 4500 रुपए और सहायिका को 2250 रुपए प्रतिमाह दिया जाता है,जो न्यूनतम वेतन से भी काफी कम है इसे जीने लायक वेतन कदापि नहीं कहा जा सकता, इसके अलावा और कोई सुविधा न महंगाई भत्ता, न पेंशन, ग्रेच्युटी, न समूह बीमा, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और न ही पदोन्नति दी जाती है। ट्रेड यूनियन की ओर से यह मांग की गई है कि देश की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित सभी स्कीम वर्कर्स को 26 हजार रुपए मासिक दिया जाना चाहिए। साथ ही प्रतिमाह 9 हजार रुपए पेंशन की मांग भी की गई है। इसके अलावा गरीब, शोषित पीड़ित जनता की मांगें उठाई गई है जिसमें हम भी शामिल हैं। हम अपने अधिकारों के लिए लगातार लड़ाई कर रहे हैं। एक और तो हमें स्वयंसेवी कहा जाता है लेकिन हमसे दोगुना, तिगुना काम लिया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्षों से हम अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रख रहे हैं लेकिन इसके बारे में सरकारों का रुख उदासीन है। ऐसी स्थिति में हमारे सामने आंदोलन और हड़ताल के अलावा कोई रास्ता नहीं है।



## खबर संक्षेप



### राजकुमार बने प्रेस क्लब अध्यक्ष

**भाटापारा।** प्रेस क्लब ने राजकुमार मल को नया अध्यक्ष चुनाहै। श्री मल जल्द अपनी नई कार्यकारिणी का गठन करेंगे। चयन उपरांत उन्होंने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ वहन करेंगे। जल्द नई कार्यकारिणी का गठन किए जाने के संकेत दिए। शहर के विभिन्न स्वयं सेवी संगठनों और वरिष्ठों ने बधाई दी है। प्रेस क्लब की बैठक में संजीव तिवारी, संतोष अग्रवाल, गुरमीत गुम्बर, राजीव तिवारी, राजेश शर्मा, सत्यनारायण पटेल, आयशा खान, जुगलकिशोर तिवारी, विनोद शर्मा, शत्रुघ्न साहू, श्यामसुन्दर पुरोहित, वीरेन्द्र उपाध्याय, मो. हारून, शमीम खांन, ललित तिवारी, नितेश गुप्ता, शत्रुघ्न सोनवानी, माखन लाल साहू आदि सदस्य उपस्थित थे।

### पुरानी रंजिश पर युवक की पिटाई

रायपुर। संतोषी नगर के सीरत मैदान के समीप रहने वाले शेख समीर नामक युवक की पुरानी रंजिश पर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। समीर का रिज्जू और दिलावर खान से किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। आज सुबह संतोषी नगर में वे आमने-सामने हो गए और दोनों आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। टिकरापारा थाने की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### खेत में दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नारायणपुर में खेत जोताई को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर पहले पक्ष के अविनाश बारिक पिता जनेक बारिक (33 साल) ने रिपोर्ट लिखाई है कि 9 जून को वह अपने पिताजी जनेक बारिक के साथ खेत में काम कर रहा था। तभी आयुष बारिक, अपर्णा बारिक, मनोज बारिक हमारे खेत में ट्रैक्टर से जोताई करवा रहे थे। जब प्रार्थी के पिता ने उनको हमारे खेत में क्यों जोताई करा रहे हो कहा तब आरोपियों ने एक राय होकर उसे एवं पिता को से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किए तथा मोबाइल को तोड़कर फेंक दिया मारपीट से दोनों को चोटें आई। वहीं दूसरे पक्ष के रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने बताया कि आयुष मयंक बारिक पिता मुकेश (20) ने एफआईआर कराई है कि वह अपने चाचा मनोज बारिक, दादी पुन्यवती बारिक एवं मेरी फूफी अपर्णा बारिक के साथ खेत में काम करने गया। खेत में ट्रैक्टर से जोताई का काम कर रहे थे, तभी गांव के अविनाश बारिक एवं जनेक बारिक खेत में आकर चालक को ट्रैक्टर रोकने के लिए कहा। तब अपर्णा बारिक ने आरोपियों से ट्रैक्टर रोकने के लिए क्यों बोल रहे हो कहा। इसके बाद आरोपी प्रार्थी और मेरी फूफी अपर्णा बारिक के साथ गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए अविनाश ने हाथ में रखे डंडे को फूफी को मारने के लिए उठाया था, उसने बीच बचाव किया तो डंडा से प्रार्थी के दाहिने हाथ में लगा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अलग-अलग मामला दर्ज किया है।

### गायत्री परिवार ने कराया बंदियों का दीक्षा संस्कार

**महासमुंद।** जिला जेल परिसर में गायत्री परिवार के महिला मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व पर दीप यज्ञ कर गुरु का जीवन में महत्व को बताया गया। इस अवसर पर 7 बंदियों ने गुरु दीक्षा ली और 40 दिवसीय साधना करने की सहमति प्रदान किए। कैदियों ने अखंड ज्योति युग निर्माण योजना के स्वाध्याय से मिली अनुभूतियों को बड़े श्रद्धापूर्वक व्यक्त किए और आगे का जीवन को सत्कार्यों में लगाने संकल्पित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्णिमा साहू, राधेश्याम, सुकालू निषाद, पिंकी सेठ, चमेली साहू, पुष्पा साहू, दुलारी चंद्राकर, प्रेमलता साहू, टामीन साहू, कानेश्वरी निषाद, भूखन निषाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एक पेड़ मां के नाम, प्रेम और प्रकृति का है अनमोल संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट द्वारा नारायणी विहार परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सम्मिलित होकर पौधरोपण किए। शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक और मां के प्रति हमारी श्रद्धा हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका भी है। मां और प्रकृति दोनों ही जीवनदायिनी हैं, पोषण करती हैं और बिना किसी स्वार्थ के अपनापन देती हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा मां के नाम पर एक पेड़ लगाना मां के प्रेम को प्रकृति के साथ जोड़ता है। यह एक जीवंत श्रद्धांजलि है, जो न केवल मां के प्रति हमारी भावनाओं को व्यक्त करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक उपहार है। पौधारोपण करना और उसे सहेजना एक सामूहिक भागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी पर आधारित हैं। इनकी मूल भावना सहयोग, संरक्षण और समाज में योगदान देने की है। 'एक पेड़ मां के नाम' पहल की शुरुआत प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर की। इसका उद्देश्य माताओं की स्मृति में पेड़ लगाने को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संहिता को बढ़ावा देना है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल हुए पूर्व विधायक शिवरतन और नपा अध्यक्ष शर्मा



### एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि मां के लिए एक पेड़, धरती के लिए एक कदम' यह अभियान प्रकृति और मातृत्व के बीच समानता को रेखांकित करता है, क्योंकि दोनों ही जीवन का पोषण करते हैं। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनूठा प्रयास है, जिसमें सभी लोग स्वस्फूर्त अपनी भागीदारी दे रहे हैं। उन्होंने सभी से एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से हम न केवल पर्यावरण को सुरक्षित करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण का उपहार देते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के संचालक मनीष शुक्ला, नगर के गणमान्यजन, समस्त शिक्षक एवं संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पहल : जिले में 90 दिवस का मध्यस्थता अभियान शुरू

# मध्यस्थता आपसी सहमति से किया गया विवाद समाधान प्रक्रिया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के सहयोग से विशेष मध्यस्थता अभियान भारत के सभी तालुका, न्यायालयों, जिला न्यायालयों एवं उच्च न्यायालय में लंबित मामलों का निराकरण करने 90 दिवस का मध्यस्थता अभियान 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस तारतम्य में अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान एवं जिला न्यायाधीश एवं अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा अभियान की सफलता के लिये जिला न्यायालय स्थित अधिवक्ता कक्ष में अधिवक्ता संघ के लिये जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि मध्यस्थता एक सहमति से किया गया विवाद समाधान प्रक्रिया है, जो पक्षों द्वारा अपने मामले को समाधान के लिये मध्यस्थ न्यायाधिकरण में रिफिल किये जाने न्यायालय में आवेदन पेश किया जाता है। मध्यस्थता स्वैक्षिक होती है, जिसमें आपसी सहमति से मामले का निपटारा होता है। मध्यस्थता हेतु आवेदन जिस न्यायालय में मामला लंबित हो, वहां प्रस्तुत कर सकते हैं। मध्यस्थता के माध्यम से दुर्घटना दावा, घरेलु हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद सर्विस मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण अन्य सिविल मामले का निपटारा कराया जा सकता है।

- जिला न्यायालय में अधिवक्ता संघ के लिये जागरूकता कार्यशाला लगी

पक्षकारों को यह भय नहीं होता कि किसी प्रकार का अप्रत्याशित निर्णय प्राप्त होगा, समझौता दोनों पक्षों की सहमति से होता है जिससे आपसी मतभेद समाप्त होता है और प्रेम व्यवहार बना रहता है। जो पक्षकार ऑनलाईन मेडियेशन चाहते है या किसी कारण से मध्यस्थता केन्द्र तक आने में असमर्थ है उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अथवा विडियो काल के माध्यम से जो उच्चा जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के द्वारा अधिवक्ता संघ से अपील है कि यदि उनके मध्यस्थता योग्य मामले न्यायालय में लंबित है तो मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण अवश्य करायें क्योंकि इससे उनके समय और धन की बचत होगी।

जागरूकता कार्यशाला में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ शारिक खान, उपाध्यक्ष नदिनी वर्मा व रमेश पटेल, सचिव गणेश शंकर साहू, सहसचिव सूर्यप्रकाश मुरैना, कोषाध्यक्ष रामसहाय जान, सांस्कृतिक सचिव मिथलेश ओझा, पुस्तकालय प्रभारी राजेन्द्र पटेल, सदस्य ओंकार जायसवाल, पालेश्वर साहू, सुमरीत ध्रुव एवं वरिष्ट अधिवक्ता वी पी सिंह ठाकुर, सुरेश बन्द द्विवेदी, दिनेश यदु, गुलाब राम साहू, डीआर साहू, अजेश त्रिवेदी, दीपा सोनी, अनिल त्रिवेदी, दिनेश तिवारी, संजय तिवारी, केएन साहू, पवन पाण्डेय, गिरिराज अग्रवाल, सतीश चन्द्र श्रीवासराय, सीमारानी करीम, अनादि शंकर मिश्रा, अच्छे राम साहू, अविनाश फॅकलिन, आर के दुबे, प्रेम शुक्ला उपस्थित रहें।

# माता-पिता की स्मृति में विधायक ने छात्रों को बांटे शूज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शिवलाल मेहता स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को उनके बीच पहुंचकर विधायक इन्द्र साव ने अपने माताजी स्व. गणेशी देवी साव एवं पिताजी स्व. केआर साव शिक्षक की स्मृति में शूज का वितरण किया। विधायक के कर कमलों से शूज प्राप्त कर छात्र छात्राएं प्रसन्न नजर आये।

नगर के शिवलाल मेहता स्कूल में विधायक इन्द्र साव ने छात्र-छात्राओं को शूज का वितरण किया। इस दौरान विधायक इन्द्र साव ने सभी बच्चों से नियमित शाला आने और मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा छोटे छोटे कदम एक दिन बड़ी मंजिले तय करते हैं। जीने के लिए दो वक्त भोजन जरूरी है, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है शिक्षा, जिससे हमें जीने की कला मिलती है। श्री साव ने कहा कि जब बच्चे पढ़ेंगे तो ना केवल अपनी संस्था का नाम रोशन करेंगे, बल्कि अपने माता-पिता का भी नाम रोशन करेंगे और अपनी पढ़ाई योग्यता के दम पर अपना भविष्य को संवारेंगे। विधायक इन्द्र साव के हाथों शूज प्राप्त करते समय स्कूली बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहट थी।

इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वर सिंह ठाकुर, ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष अशोक ध्रुव, पार्षद गेंदू साहू, मास्टर ट्रेनर सत्यजीत शेंडे, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विवेक यदु, प्राचार्य केएल वर्मा, स्कूल स्टॉफ सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# अवैध शराब बिक्री की ग्रामीणों ने पुलिस से की शिकायत

**बंगोली।** ग्राम पंचायत मूरा में पखवाड़ा भर पहले अवैध शराब बिक्री एवं गांजा बिक्री पर रोक लगाने पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्ताव पास किए। उक्त दिनांक से अवैध शराब व गांजे बिक्री बंद रहा। तत्पश्चात पुनः अवैध शराब व गॉजा बिक्री धड़ल्ले से चालू है। जानकारी से अवैध शराब बिक्री महिला द्वारा खुलेआम की जा रही है। महिला द्वारा निडर होकर गांव में बनायी गई व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए अवैध शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बिना किसी के सहयोग बगैर महिला द्वारा अवैध शराब बेचना संभव नहीं है। अवैध शराब व गॉजा बिक्री को लेकर विगत दिनों सरपंच, पंचों द्वारा थाना प्रभारी खरोरा को अवैध शराब बिक्री पर रोक तथा कानूनी कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया।

# अधिवक्ता संघ ने गुरुजी सोहन को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के युग पुरुष पूज्यनीय सोहन लाल यादव गुरूजी के स्वर्गवास पर जिला न्यायालय में अधिवक्ता संघ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। बलौदाबाजार की लगभग तीन पीढ़ियों को स्व. सोहन लाल यादव गुरुजी के शिष्य होने का सौभाग्य मिला है। उनके शिष्य डाक्टर, इंज़ीनियर, वकील, प्राचार्य, प्रशानिक अधिकारी, प्रोफेसर व बड़े बड़े जिम्मेदार पद पर रहे हैं व वर्तमान में हैं।

उनका निधन जिले व शिक्षा जगत के लिए व्यक्तिगत क्षति है। वे सादगी व अनुशासन की प्रतिमूर्ति थे व पेंटिंग एवं मूर्तिकला में माहिर थे।

# गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान

**बलौदाबाजार।** स्व. रघुनाथ प्रसाद केसरवानी शासकीय उत्तर बुनियादी शाला में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर भाजपा के विजय केसरवानी, जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, भाजपा शहर महामंत्री संजय श्रीवास, पार्षद मनोज कांत, पुरैना द्वारा उपस्थित सभी शिक्षक प्राचार्य कविता चंद्राकर, योगेश्वरी जांगड़े, चोवा राम साहू, हेमलता पैकरा, फणिस कुमार साहू, दौलत राम वर्मा सहित उपस्थित गुरुजनों का सभी ने साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। बताया कि गुरु पूर्णिमा हमारे जीवन में गुरुओं के योगदान को याद करने और उनका आशीर्वाद लेने का पावन दिन है। यह सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि हमारे रिश्तों को भी मजबूत करने वाला त्यौहार है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी ने बच्चों को संबोधित किया तथा उपस्थित सभी स्कूल के बच्चों को टाफी भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी।




# गुरु पूर्णिमा पर सेवानिवृत्त हेडमास्टर का भाजपा मंडल ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



गुरु पूर्णिमा पर भाजपा नवापारा हथबंद मंडल ने रेशमलाल अनंत सेवानिवृत्ति हेडमास्टर के निवास पर गुरुओं का सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. दौलतराम पाल उपस्थित थे। गुरुओं को दिया गया सम्मान भाजपा नवापारा हथबंद मंडल ने गुरुओं को सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया था। इस अवसर पर गुरुओं को सम्मान और श्रीफल, साल, गुलदस्ता, भेंट कर पूजा अर्चना के बाद आशीर्वाद लिया और साल उपहार देकर सम्मानित किया। डॉ. दौलतराम पाल ने कहा कि गुरुओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गुरुओं ने हमें ज्ञान और शिक्षा प्रदान की है और हमें सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। भाजपा मंडल नवापारा हथबंद के उपाध्यक्ष बनने पर कल्याण ध्रुव को साल भेट कर डॉ. दौलत राम पाल द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा गुरुओं का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। गुरुओं के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर सरपंच धनेश्वरी नरेश अनंत, पूर्व सरपंच विद्या वर्मा, शाला समिति उपाध्यक्ष जीतू यादव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, कल्याण ध्रुव, मीडिया प्रभारी प्रकाश पाल, सोशल मीडिया प्रभारी धनीराम रजक, पंच मूलचंद टंडन, संतराम ध्रुव, अन्य पंचगण, ग्रामीण अवधराम ध्रुव, संतराम, देवदास, रूपचंद पाटिल, भारत चतुरे, दुलेश्वर अनंत, मुक्तेश्वर, समीर अनंत, छात्र, छात्राएं आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मातृभक्ति की भावना को समर्पित एक पेड़ मां के नाम

# हाईस्कूल के छात्रों ने रोपा छाया व फलदायी पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



विकासखंड तिल्दा के शासकीय हाई स्कूल मांठ में पर्यावरण संरक्षण और मातृभक्ति की भावना को समर्पित एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा भरा बनाना था, बल्कि मां के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करना भी रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य हेमलता साहू ने किया, जिन्होंने विद्यार्थियों को पौधारोपण के महत्व और इसके दूरगामी लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला मांठ के प्रधान पाठक आशाराम वर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने भी विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में देवेंद्र बर्मन, मनोज कुमार बघेल, वसुंधरा साहू, मंजू देवांगन, यामीन वर्मा एवं शिवानी वर्मा ने भाग लिया और छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें। इस पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल परिसर में कई छाया और फलदायी पौधे रोपे गए। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों की देखभाल नियमित रूप से करेंगे। यह कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरा है, जो भावनात्मक और पर्यावरणीय दोनों स्तरों पर जन चेतना को बढ़ावा देता है।

### सशिमं के छात्रों ने किया पौधारोपण

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर छात्रों ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। इको क्लब के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। पौधारोपण 35 छात्रों ने किया। पौधारोपण से ही हम पर्यावरण की अनेक समस्याओं को दूर कर सकते हैं क्योंकि वृक्ष है तो पर्यावरण है पर्यावरण है तो हम हैं।



